<u>प्रेस-नोट</u>

<u>थाना पूँछ</u>

<u>दिनाँक- 11.08.24</u>

<u>48 घण्टे के अन्दर ब्लाइन्ड मर्डर की घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना पूँछ पुलिस द्वारा अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना पूँछ पुलिस द्वारा दिनाँक 11.08.24 को मु0अ0सं0 167/24 धारा 103(1) बीएनएस (हत्या का मामला) से संबंधित अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू पुत्र बाली अहिरवार निवासी ग्राम बावई थाना पूँछ जिला झाँसी उम्र करीब 27 वर्ष को 48 घण्टे के अन्दर मय आला कत्ल के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

<u>संक्षिप्त विवरण-</u> श्रीमती धंती देवी पत्नी स्व. श्री गेंदालाल अहिरवार निवासी ग्राम बावई थाना पूँछ जनपद झाँसी, उम्र करीब 60 वर्ष उपरोक्त अपने घर में अकेली रहती थीं। दिनाँक 08.08.2024 को समय करीब 18:30 बजे उनके घर का दरवाजा न खुलने से आस-पास के लोगों द्वारा जाकर देखा गया, तो उनका शव उनके घर में पड़ा मिला।

इस संबंध में थाना पूँछ पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया गया। महिला के गले में धारदार हथियार से किए गए हमले से आई चोटों के निशान थे। मौके पर वरिष्ठ अधिकारीगण सहित फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए मृतका के शव का पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी।

उक्त प्रकरण के संबंध में थाना पूँछ पर दिनाँक 09.08.2024 को पर मु0अ0सं0 167/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयास के क्रम में आज दिनाँक 11.08.2024 को समय 08.10 बजे अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू पुत्र बाली अहिरवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>

अजय उर्फ अज्जू पुत्र बाली अहिरवार निवासी ग्राम बावई थाना पूँछ जिला झाँसी उम्र करीब 27 वर्ष

<u>गिरफ्तार का स्थान व समय-</u> रेलवे स्टेशन एरच रोड पर बनी पुरानी बिल्डिंग के पीछे ट्यूबेल की बनी कोठी के पास से दिनांक 11.08.24 समय 08.10 बजे

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

हत्या मे प्रयुक्त एक अदद आला कत्ल (चाकू) मय अभियुक्त के रक्त रंजित कपडे

<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>

1-एस.एच.ओ. श्री जे0पी0पाल थाना पूँछ जनपद झाँसी

2-उ0नि0 श्री दिलीप कुमार पाण्डेय थाना पूँछ झाँसी

3-उ0नि0 श्री सौरभ कुशवाहा थाना पूँछ झाँसी

4.उ0नि0 श्री अनुज यादव थाना पूँछ झाँसी

5.उ0नि0 श्री भँवर सिंह थाना पूँछ झाँसी

6.प्र0म0उ0नि0 पूजा चौधरी थाना पूँछ झाँसी

7.हे0का0 473 अजमतुल्ला थाना शाहजहाँपुर झाँसी

8.हे0का0384 रणजीत सिंह थाना मोठ झाँसी

9.का0813 योगेन्द्र सिंह थाना पूँछ झाँसी

10.का0 896 पुष्पेन्द्र सिंह थाना पूँछ झाँसी